# उत्तर प्रदेश जल निगम (ग्रामीण)

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता,खण्ड,कार्यालय उत्तरप्रदेश जलनिगम, भदोही–221304
**E-Mail Id-**_eeupjnsrn@gmail.com_ ***CUG Mobile No.-*** +91 9473942678

---

पत्रांक 1945 / कार्य - 65 / 17 दिनांक– 10-05-2026

सेवा में,

मुख्य अभियन्ता (ग्रामीण)
उ0प्र0 जल निगम,
6–राणा प्रताप मार्ग
लखनऊ।

विषय :– **दैनिक भास्कर के न्यूज ई0–पेपर मे दिनांक 07.05.2026 मे प्रकाशित जनपद भदोही के ''पिपरिस रामेश्वरपुर में जल जीवन मिशन की पाइप लाइन तोडी : ग्रामीणों मे आकोश, आरोपी पर कार्रवाई की मांग''के सम्बन्ध में।**

महोदय,

उपरोक्त विषयक दैनिक भास्कर के न्यूज ई0–पेपर मे दिनांक 07.05.2026 मे प्रकाशित जनपद भदोही के **''पिपरिस रामेश्वरपुर में जल जीवन मिशन की पाइप लाइन तोडी :ग्रामीणों मे आकोश, आरोपी पर कार्रवाई की मांग''के सम्बन्ध मे** सादर अवगत कराना है कि सामाचार में प्रकाशित खबर विकास खण्ड भदोही के ग्राम पंचायत **पिपरिस रामेश्वरपुर** से सम्बन्धित नकारात्मक न्यूज प्रकाशित किया गया है।

प्रश्नगत योजना में 01 नग नलकूप, 01 नग पम्प हाउस, 01 नग शिरोपरि जलाशय, सोलर पैनल, बाउण्ड्रीवाल, पाइप लाइन 34.57 कि0मी0 एवं गृह जल संयोजन 1085 नग का कार्य प्रस्तावित है। प्रस्तावित कार्यो के सापेक्ष नलकूप, पम्प हाउस, बाउण्ड्रीवाल, सोलर पैनल एवं शिरोपरि जलाशय का कार्य पूर्ण हो चुका है। गृह जल संयोजन 325 नग एवं पाइप लाइन 33.78 कि0मी0 पूर्ण कर लिया गया है, शेष कार्य प्रगति पर हैं।

उक्त के सम्बन्ध मे अवगत कराना है कि ग्रामवासियों एवं सम्बन्धित व्यक्ति से वार्ता की गयी तत्सम्बन्धित व्यक्ति द्वारा आश्वासन दिया गया है कि भविष्य मे उपरोक्त कृत्य की पुनरावृत्ति नही होगी। योजना में प्रस्तावित समस्त कार्यों को दिसम्बर 2026 तक पूर्ण कराते हुए योजना को क्रियाशील एवं जन उपयोगी कर दिया जायेगा।

अतः उपरोक्तानुसार आख्या आप महोदय की सेवा में सादर अवलोकनार्थ प्रेषित है।

**संलग्नक :– उपरोक्तानुसार।**

**भवदीय**
(हस्ताक्षर)
**(राजबली)**
**अधिशासी अभियन्ता**

पृ0स0 व दिनांक यथोक्त।
प्रतिलिपि :– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. मुख्य अभियन्ता (वा0क्षे0 ), उ0प्र0 जल निगम, (ग्रामीण) वाराणसी ।
2. अधीक्षण अभियन्ता मण्डल कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम ग्रामीण मीरजापुर।
3. सम्बन्धित सहायक अभियन्ता /जूनियर इंजीनियर।
4. मेसर्स वेलस्पन इण्टर प्राइजेज , भदोही।

**अधिशासी अभियन्ता**

# पिपरिस रामेश्वरपुर में जल जीवन मिशन की पाइपलाइन तोड़ी: ग्रामीणों में आक्रोश, आरोपी पर कार्रवाई की मांग

निलेश कुमार |
पिपरीस(भदोही ), भदोही (संत रविदास नगर)
3 दिन पहले



पिपरिस रामेश्वरपुर में जल जीवन मिशन की पाइपलाइन तोड़ी।

दैनिक भास्कर को Google पर पसंदीदा सोर्स बनाएं →
+Follow us
फीडबैक

होम वीडियो सर्च वेब स्टोरीज ई-पेपर

टेक - ऑटो
फेक न्यूज...
ओपि...
मधुरिमा
मैगजीन
यूटिलिटी
लाइफ - साइंस
मध्य प्रदेश
उत्तरप्र...
राजस्थान
बिहार

Download App from
GET IT ON Google Play
Download on the App Store

Follow us on


मिशन के तहत बिछाई गई पाइपलाइन को कथित तौर पर एक युवक द्वारा तोड़ दिया गया है। इस घटना से ग्रामीणों में भारी आक्रोश है और वे आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की मांग कर रहे हैं।

ग्रामीणों के अनुसार, यह पाइपलाइन गांव में शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से बिछाई गई थी। कुछ दिनों पहले गांव के ही जगतम्बा बिन्द नामक युवक ने कथित तौर पर पाइपलाइन को क्षतिग्रस्त कर उसे उखाड़ दिया। ग्रामीणों का आरोप है कि युवक द्वारा सरकारी योजना को नुकसान पहुंचाने की धमकी भी दी जा रही है।

ग्रामीणों ने बताया कि उन्होंने इस मामले की जानकारी ग्राम प्रधान हिर्दय नारायण सरोज को कई बार दी, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है।

विशाल, अंकित, रामप्रशाद, मोहन, गणेश और दिलीप सहित कई ग्रामीणों ने बताया कि पाइपलाइन की मरम्मत न होने और आरोपी पर कार्रवाई न होने से पेयजल संकट गहराने की आशंका है। उन्होंने प्रशासन से मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषी व्यक्ति के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।

ग्रामीणों का कहना है कि सरकार विकास कार्यों पर करोड़ों रुपये खर्च कर रही है, लेकिन कुछ लोगों की मनमानी के कारण योजनाओं का लाभ आम जनता तक नहीं पहुंच पा रहा है। उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि जल्द उचित कार्रवाई नहीं हुई तो वे प्रदर्शन करने को मजबूर होंगे। इस संबंध में, जब जेई से बात की गई, तो उन्होंने जल्द से जल्द मरम्मत कराने का आश्वासन दिया।



वीडियो और देखें

फीडबैक दें

आज का राशिफल मेष

मेष | Aries

पॉजिटिव- प्रभावशाली लोगों से मुलाकात होगी और संपर्क दायरा बढ़ेगा। कोई रुका हुआ या उधार दिया हुआ पैसा वसूल करने के लिए समय अनुकूल है, इसलिए इन कामों के लिए प्रयास करते रहें। विद्यार्थियों को

और पढ़ें